दैनिक भास्कर
अजमेर 29-06-2025

# हिन्दुस्तान जिंक को 6 पुरस्कार मिले

अजमेर | भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड को 29वें भामाशाह सम्मान समारोह में 6 इकाइयों को सम्मानित किया गया। भामाशाह पुरस्कार हिन्दुस्तान जिंक को शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक योगदान के लिए शिक्षा भूषण प्रदान किया गया। यह पुरस्कार माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षशिला सभागार में आयोजित समारोह में सीएम भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, प्रमुख सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल, विश्व मोहन श्रीवास्तव, सीताराम जाट, अनुपमा जोरवाल की ओर से दिए गए। हिन्दुस्तान जिंक की इकाइयों रामपुरा आगुचा माइन के आइबीयू सीईओ राममुरारी, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के यूनिट हेड अमित सुराणा, दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के आइबीयू सीईओ बलवंत सिंह राठौड, जावर माइंस के आइबीयू सीईओ अंशुल खंडेलवाल, देबारी जिंक स्मेल्टर के हेड ऑपरेशन मुकेश कुमार, कायड़ माइंस के मैनेजर अंकुर माण्डावत, सीएसआर टीम ने पुरस्कार प्राप्त किए।